अमर उजाला

बरेली
बृहस्पतिवार, 10 जुलाई 2025
आषाढ़ पूर्णिमा
विक्रम संवत-2082

PAGE NO : 05 BOTTOM

# एसआरएमएस के चेयरमैन देव मूर्ति ने निकाला ड्रॉ, पांच मरीजों की फ्री सर्जरी

बरेली (वि)। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में रुद्रपुर की हुजैफा खान, गोंडा की निरुपमा, पीलीभीत की अफसाना, बरेली की जैनब बी और लता की निशुल्क सर्जरी की जाएगी। 24वें स्थापना दिवस पर आयोजित पांच दिवसीय मिनिमल इनवेसिव सर्जरी कैंप में हुए 284 रजिस्ट्रेशन के लकी ड्रॉ में इन पांच मरीजों की पर्चियां निकली हैं। रजिस्ट्रेशन कराने वाले अन्य सभी मरीजों को पूर्व में घोषणा के अनुसार सर्जरी पर 50 फीसदी छूट मिलेगी। मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ.आरपी सिंह ने कहा कि कैंप के समापन के बाद संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति ने लकी ड्रॉ निकालकर पांच मरीजों को निशुल्क सर्जरी का तोहफा दिया। डॉ. सिंह ने कहा कि आठ जुलाई को पीलीभीत की अफसाना और बरेली की लता का सफल ऑपरेशन हो गया। हुजैफा खान, निरुपमा और जैनब बी का ऑपरेशन क्रमशः 14, 17 और 28 जुलाई को किया जाएगा। ड्रॉ के दौरान डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ.एमएस बुटोला, डिप्टी एमएस डॉ.सीएम चतुर्वेदी, ईएनटी विभागाध्यक्ष डा.रोहित शर्मा, सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ.एसके सागर मौजूद रहे।

